◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

पुलिस के द्वारा जारी सूचना के अनुसर मृत्यु की पहचान सिबुल इस्लाम पुत्र मकबूल हुसैन के रूप में बताई गई



जयपुर। खो नागोरियान थाना पुलिस ने एक मृतक के परिजनों और वारिसों की तलाश के लिए आमजन से मदद की अपील की है। पुलिस द्वारा जारी सूचना के अनुसार मृतक की पहचान शिबाबुल इस्लाम पुत्र मकबूल हुसैन के रूप में बताई गई है।

पुलिस के अनुसार 10 नवंबर 2026 को शिबाबुल इस्लाम अचानक गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। उन्हें तत्काल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। बताया गया है कि मृतक जयपुर में अकेले रहते थे और उनके परिवार या किसी अन्य परिचित व्यक्ति की जानकारी नहीं मिल पाई है।

इस संबंध में खो नागोरियान थाना पुलिस ने मर्ग संख्या 55/2026 के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की है। पुलिस अब मृतक के परिजनों और वारिसों की तलाश कर रही है, ताकि नियमानुसार अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

मृतक की पहचान के लिए हुलिया जारी

- नाम: शिबाबुल इस्लाम पुत्र मकबूल हुसैन
- उम्र: करीब 52 वर्ष
- कद: लगभग 5.5 फीट
- लिंग: पुरुष
- रंग: सांवला
- शारीरिक बनावट: मध्यम
- बाल: काले और हल्के लंबे
- मूंछ: काली
- कपड़े: नीली टी-शर्ट, जिस पर अंग्रेजी में UNBEATABLE लिखा हुआ है तथा चॉकलेटी रंग की पैंट।
- विशेष पहचान: दाहिने हाथ पर उर्दू में अल्लाह और 786 लिखा हुआ है।

खो नागोरियान थाना पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतक को पहचानता है या उसके परिवार और रिश्तेदारों के बारे में जानकारी रखता है, तो तुरंत खो नागोरियान थाना पुलिस से संपर्क करें।

पुलिस की अपील है कि इस सूचना को अधिक से अधिक साझा करें, ताकि मृतक के परिजनों तक जानकारी पहुंच सके और उन्हें अपने परिवार के सदस्य का पता चल सके।

— Mohammad Jakir Khan, जयपुर

इस सरकारी नाले पर काफी लंबी समय से कर्जा कर रखा है जिसका नाम ताहिर बताया जाता है और दूसरी तरफ अंबेडकर मूर्ति के पीछे फूफा जी के नाम से जाना जाना जाता है व्यक्ति

सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं का कब्जा! नगर निगम जगतपुरा जोन की कार्रवाई पर उठे सवाल जयपुर। जगतपुरा जोन के वार्ड नंबर 71, खो नागोरियान में अंबेडकर मूर्ति के पीछे सरकारी जमीन और नाले पर कथित अतिक्रमण का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर लगातार कब

— Mohammad Jakir Khan, जयपुर

कोटा, बारां, श्रीगंगानगर और करौली में जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्य चुनाव की मतगणना 17 दिसंबर तक

राजस्थान के कोटा, बारां, श्रीगंगानगर और करौली जिलों में जिला परिषद तथा पंचायत समिति सदस्य चुनाव की मतगणना की तिथि बदल दी गई है। पहले निर्धारित 20 नवंबर 2026 को होने वाली मतगणना को स्थगित अब 17 दिसंबर 2026 तक बढ़ी आगे इस परिवर्तन की सूचना संबंधित निर्वाचन अधिकारियों ने संबंधित जिलों के चयनित अधिका

— Swaroop Singh

बालोतरा मंडी में बिक रहा गुड़ जांच में असुरक्षित



बालोतरा, 18 नवंबर। बालोतरा की कृषि उपज मंडी में विक्रय किए जा रहे गुड़ की जांच में गंभीर अनियमितता सामने आई है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिए गए नमूने की जनस्वास्थ्य प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में गुड़ में रासायनिक रंग की मौजूदगी पाई गई। वहीं, मिठास की मात्रा भी निर्धारित मानकों से कम मिली। जांच में गुड़ को जनस्वास्थ्य के लिए असुरक्षित घोषित किए जाने के बाद संबंधित फर्म का खाद्य लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण अविचल चतुर्वेदी तथा जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार जिले में मिलावटी एवं संदिग्ध खाद्य पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी भोजराज ने विभागीय टीम के साथ कृषि उपज मंडी बालोतरा में कार्रवाई करते हुए गुड़ का नमूना लिया गया !

विभाग ने नमूने को जांच के लिए जनस्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा। जांच रिपोर्ट में गुड़ में रासायनिक रंग की पुष्टि हुई। इसके अलावा मिठास की मात्रा भी निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। प्रयोगशाला की रिपोर्ट के आधार पर नमूने को असुरक्षित घोषित किया गया।

रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित फर्म का खाद्य लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। विभाग ने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण, नमूनीकरण और जांच अभियान आगे भी जारी रखाजाएगा ! रिपोर्टर गणपत माली बालोतरा

— Ganpat mali

सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए डांग विकास संस्थान की ओर से शिविर का आयोजन



सरकार की ओर से संचालित योजनाओं से जोड़ने के लिए निशुल्क अधिकारिता शिविर का आयोजन 17 नवंबर, मंगलवार को भांकरी के वालियानपुरा में डांग विकास संस्थान, करौली की ओर से सक्षम परियोजना के अंतर्गत किया गया। सरकार की ओर से संचालित योजनाओं में चिन्हित पात्र परिवारों को जोड़ने के लिए शिविर आयोजित हुआ।

डांग विकास संस्थान के सचिव डॉ. विकास भारद्वाज ने बताया कि राज्य व केंद्र सरकार की ओर से निर्धन और असहाय लोगों के लिए कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। लेकिन जानकारी के अभाव में ग्रामीण इन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बैठकें आयोजित की जा रही हैं। जानकारी भी दी जा रही है। साथ-साथ निशुल्क शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। संस्थान की ओर से करौली जिले के करौली, मंडरायल, मासलपुर व हिंडौन ब्लॉक के 65 गांवों में विशेष प्रविधि से 9 हजार निर्धन और असहाय परिवारों का चयन किया गया। इसमें संस्थान की ओर से पात्र परिवारों का विश्लेषण किया जा रहा है। उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य

— Vipin Singhal

8 दिन से 10 फीट गहरे गड्ढे में पड़ा गोवंश का शव, बदबू से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन



ढहरिया | गुढाचन्द्रजी कस्बे के खारवाडवास में स्टेट हाईवे 25 के किनारे बने खुले गड्ढे में आए दिन आवारा जानवर गिर रहे हैं। हादसे का खतरा बना हुआ है। गड्ढे में 8 दिन पहले एक गोवंश गिर गया था। गोवंश की मौत हो गई। शव सड रहा है। मोहल्लेवासी और राहगीर बदबू से परेशान हैं। लोग मुंह ढंककर निकल रहे हैं। खारवाडवास में सड़क किनारे करीब 10 फीट गहरा गड्ढा है। गड्ढा गंदे पानी से भरा है। लोगों ने बताया कि करीब 40 से 50 साल पहले यह किसी व्यक्ति के शौचालय का गड्ढा था। बाद में यह सड़क सीमा में आ गया। गोवंश गिरने के बाद लोगों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर सूचना दी। गोवंश को गड्ढे से नहीं निकाला गया। गड्ढा भी नहीं भरा गया।

बदबू से परेशान लोगों ने सरपंच गजेन्द्र सिंह गुर्जर को जानकारी दी। सरपंच गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को लोगों ने सानिवि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सरपंच ने कहा कि सड़क सीमा में आए इस गड्ढे से रोज हादसे का अंदेशा है। गड्ढा नहीं भरा गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। जान भी

— Vipin Singhal

मरम्मत के चलते आज रहेगी बिजली सप्लाई बंद



करौली | 132 केवी जीएसएस करौली पर वीसीबी को बदलने व आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते 18 नवंबर 2026 को बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

सहायक अभियंता एस.एम. मीना ने बताया मरम्मत कार्य के चलते हिंडौन गेट, स्टेडियम, शिकारगंज-प्रथम, कलेक्ट्रेट, मैगजीन, मासलपुर चुंगी, दीपपुरा, राजपुर रोड आदि क्षेत्र की बिजली सप्लाई सुबह 8 से सुबह 10 बजे तक बंद रहेगी।

— Vipin Singhal

आस्था का सैलाब: हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर पाई अन्नकूट प्रसादी



करौली के मासलपुर गेट स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर में सिद्ध हनुमान भक्त मंडल की ओर से अन्नकूट प्रसादी महोत्सव आयोजित किया गया। महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के दर्शन कर पंगत में बैठकर अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से गुलजार रहा और भक्ति गीतों के साथ हनुमान जी के जयकारे गूंजते रहे।

— Vipin Singhal

करौली में पंचायत चुनाव की काउंटिंग 20 नवंबर को: 107 टेबल पर पहले पंचायत समिति और बाद में जिला परिषद सदस्यों के वोट गिनेंगे



करौली जिले में पंचायत राज चुनाव 2026 के तहत 11 पंचायत समितियों और जिला परिषद सदस्यों के वोटों की गिनती 20 नवंबर को होगी। मतगणना गवर्नमेंट कॉलेज करौली में सुबह 8 बजे शुरू होगी। इसके लिए 107 टेबल लगाई गई हैं।

पहले पंचायत समिति सदस्यों के वोट गिने जाएंगे। दोपहर 1 बजे के बाद जिला परिषद सदस्यों के वोटों की गिनती होगी। पंचायत समिति के 194 वार्ड और जिला परिषद के 35 वार्ड के वोट गिने जाएंगे।

मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा, एएसपी रामकुमार कस्वां और एडीएम जगदीश गौड़ ने केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाएं देखीं और संबंधित अधिकारियों को मतगणना शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से कराने के निर्देश दिए।

जिले में 11 पंचायत समितियों के 194 पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद के 35 सदस्य पदों के लिए मतदान हुआ था।

— Vipin Singhal

करौली में पंचायत चुनाव की काउंटिंग अब 17 दिसंबर को पंचायत समिति के 194 और जिला परिषद के 35 सदस्यों का इंतजार बढ़ा



करौली जिले में पंचायती राज चुनाव की मतगणना अब 17 दिसंबर को होगी। 194 पंचायत समिति सदस्यों और जिला परिषद के 35 वार्डों के नतीजे घोषित किए जाएंगे। पहले यह 20 नवंबर हो होनी वाली थी।

— Vipin Singhal

तीन कोसी परिक्रमा: सैकड़ों श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए मदन मोहन मंदिर से हुए रवाना



अक्षय नवमी पर बुधवार को करौली में भगवान राधा मदन मोहन की तीन कोसी नगर परिक्रमा निकली। सैकड़ों श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए इसमें शामिल हुए।

सिंहपौर स्थित मदन मोहन मंदिर में मंगला आरती के बाद बंसी वाले के जयकारों के साथ परिक्रमा शुरू हुई। रास्ते में पड़ने वाले मंदिरों में दीप पूजा और आरती की गई। जगह-जगह श्रद्धालुओं को चाय, बिस्कुट और प्रसाद दिया गया।

परिक्रमा गोपाल सिंह की छतरी पहुंची, जहां दीप पूजा और अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालु बैठा हनुमान मंदिर पहुंचे। वहां से माइक और ठेले के साथ भजन-कीर्तन करते हुए मेला ग्राउंड, अंबेडकर सर्किल और रामदयाल की चक्की होते हुए गोमती दास आश्रम पहुंचे।

इसके बाद श्रद्धालुओं ने ट्रक यूनियन, कलेक्ट्री सर्किल और दाऊजी मंदिर में पूजा की। परिक्रमा गुलाब बाग, संतोषी माता मंदिर, हिंडौन दरवाजा, अहटरिया, तांबे की टौरी, ढोली खार,

— Vipin Singhal

करौली में 16 जोड़ों का सामूहिक विवाह 20 को: 7 साल बाद होगा राजपूत समाज का सम्मेलन, प्रदेश स्तर के पदाधिकारी होंगे शामिल



करौली में 20 नवंबर को राजपूत समाज का राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा। करीब 7 साल बाद हो रहे इस सम्मेलन में 16 जोड़े विवाह करेंगे। आयोजन देवउठनी एकादशी पर गवर्नमेंट कॉलेज के पीछे स्थित वीणा शिक्षा संकुल में होगा।

सम्मेलन श्री राजपूत सभा जिला इकाई करौली और श्री

राजपूत सभा जयपुर मिलकर कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने गुलाब बाग स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां चल रही हैं।

अजय सिंह ने बताया कि सम्मेलन में राजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई सहित प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन शुरू करने में मदद के लिए घरेलू उपयोग की सामग्री और उपहार दिए जाएंगे।

प्रेस वार्ता में एडवोकेट एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष जैनेंद्र

— Vipin Singhal

दो तस्कर गिरफ्तार: बाइक जब्त, सदर थाना पुलिस ने भिंडपुरा के हार में पकड़ा



करौली में सदर थाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5.59 ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जब्त स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल भी जब्त की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

गश्त के दौरान संदेह होने पर रोका

पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में सदर थाना प्रभारी यदुवीर सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान भिंडपुरा के हार में पुलिस टीम ने दो युवकों को जांच के लिए रोका। उनकी पहचान जमनालाल उर्फ जप्पी (41) निवासी खेड़ी शीश, थाना सदर हिण्डौन और रुपकेश उर्फ पिंटू (20)

— Vipin Singhal

करौली में 10 दिसंबर तक निपटेंगे शिक्षकों के लंबित प्रकरण: 2008 बैच के प्रबोधकों को मिलेगी द्वितीय एसीपी



करौली जिले में अक्टूबर 2008 में नियुक्त प्रबोधकों को

द्वितीय एसीपी का लाभ देने सहित शिक्षकों के सभी लंबित प्रकरणों का 10 दिसंबर तक निस्तारण किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, प्रारंभिक शिक्षा ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल को यह भरोसा दिलाया है। प्रबोधकों की 18 साल की सेवा पूरी होने के बावजूद एसीपी के आदेश जारी नहीं होने से कर्मचारी लंबे समय से आर्थिक लाभ का इंतजार कर रहे हैं।

महासंघ ने उठाया लंबित प्रकरणों का मुद्दा

महासंघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर शिक्षकों और कर्मचारियों के विभिन्न लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान करने की मांग रखी। इस दौरान अक्टूबर 2008 में नियुक्त प्रबोधकों को द्वितीय एसीपी का लाभ देने का मामला

प्रमुखता से उठाया गया।


Excerpt (छोटा सार

18 साल की सेवा के बाद भी नहीं मिले आदेश

— Vipin Singhal

स्थानीय

अंटाली खेजड़ी के पास गढ़वाई गाँव के बाइक दुर्घटना, प्रभु नाथ शामिल




अंटाली खेजड़ी के पास स्थित गढ़वाई गाँव में आज सुबह एक बाइक दुर्घटना हुई। रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना के समय प्रभु नाथ, पिता नेनु नाथ, अपने व्यक्तिगत वाहन पर सवार थे।

जहाँ ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति अक्सर चुनौतीपूर्ण रहती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस प्रकार की दुर्घटनाएँ कभी-कभी अनियंत्रित गति और सड़क की खराब स्थिति के कारण होती हैं।

प्रभु नाथ की स्थिति के बारे में अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी गई है और वह जांच में लगी है। आगे की जानकारी उपलब्ध होते ही अपडेट प्रदान किया जाएगा।

— Pappu Nath thoomiya

यह खबर बालेसर से बताई जा रहे हैं मनोहर सिंह भाटी



बालेसर _पुलिस थाना क्षेत्र के जियाबेरी रोड हिंगलाज नगर सरहद पर बाईक एवं पिकअप की टक्कर,किशनाराम पुत्र देवाराम जाति जाट निवासी कानासर है गंभीर घायल... यहां पर कई हादसा हो चुका है गाड़ी वालों के लापरवाही यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया

— Manohar Singh

मनोहर सिंह भाटी



₹100000 का सहयोग जोधपुर झालामंड बालिका छात्रावास में सप्रेम भेंट आदरणीय सुखी देवी जी खारड़ा भांडू,,

शिक्षा के लिए किया गया दान, समाज के भविष्य को संवारने का सबसे पुनीत कार्य है।

स्वर्गीय छैलाराम जी सोडा, खारड़ा भांडू की पावन स्मृति में उनकी धर्मपत्नी आदरणीय श्रीमती सुखी ₹100000 का सहयोग जोधपुर झालामंड बालिका छात्रावास में सप्रेम भेंट आदरणीय सुखी देवी जी खारड़ा भांडू,,

शिक्षा के लिए किया गया दान, समाज के भविष्य को संवारने का सबसे पुनीत कार्य है।

इस नेक एवं प्रेरणादायक कार्य के लिए सुखी देवी जी का हृदय से आभार एवं साधुवाद।

— Manohar Singh

गौ सम्मान आह्वान अभियान का बाली तहसील में ऐतिहासिक आगाज!



गौ सम्मान आह्वान अभियान का बाली तहसील में ऐतिहासिक आगाज!

आबूरोड से ब्यूरो रिपोर्ट संवाददाता चन्दन सिंह राव आप देख रहे है नीड "24 न्यूज़ चैनल बाली से नाथूसिंह दलावत भीटवाडा द्वारा जानकारी देते हुऐ कहा की!

आज गौ सम्मान आह्वान अभियान की प्रसारक टीम बाली तहसील पहुंची, जहां टीम ने तहसील की निम्न ग्राम पंचायतों की देवतुल्य जनता द्वारा विजय बनाए गए नव-निर्वाचित सरपंचों को *गौ सम्मान आह्वान अभियान - _अखिल भारतीय संत सम्मान_ पत्र* देकर सम्मानित किया।

गौ माता के इस पावन अभियान में सरपंचों का उत्साह देखते ही बना। सभी सरपंचों ने गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के लिए कठोर केंद्रीय कानून की मांग के संकल्प को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

कि -*

आगामी *17 दिसंबर को जयपुर में होने वाली महा गौ धर्म सभा* में संकल्प के साथ अपनी-अपनी पंचायतों से *एक-एक बस और 2100-2100 हस्ताक्षर* लेकर सम्मिलित हों।

जिन ग्राम पंचायतों के सरपंचों का सम्मान हुआ -

1. मोखमपुरा
2. दांतीवाड़ा
3. माताजी वाडा
4. भीटवाड़ा
5. गुड़ालास
6. धणी
7. खीमेल
8. फालना गांव
9. श्रीशैला
10. बोया
11. सेवाड़ी
12. पादरला
13. बीजापुर
14. भाटून
15. बेड़ा

जय गौमाता, जय गोपाल का जयघोष पूरे दौरे में गूंजता रहा। गांव-गांव में गौ भक्तों में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला।

अभियान का संदेश साफ है -दलपतसिह राठोड़ ने बताया कि इस आवाह्न में

ना कोई मुखिया, ना कोई नेतृत्व, नंदी बाबा अध्यक्ष और गोमाता प्रधान संरक्षक हैं।

इस अभियान में किसी भी प्रकार का चंदा नहीं लिया जाता है।

गो सम्मान आह्वान अभियान के जिला संयोजक दलपतसिह राठोड़ के साथ गो भक्त नाथूसिंह दलावत भीटवाडा गो भक्त रमेश कुमार जुणा का सहयोग रहा

आइए, 17 दिसंबर को जयपुर चलें!

अपनी पंचायत की बस और हस्ताक्षर के साथ गौ माता के लिए इतिहास रचें!

— Chandan Singh

क्या जावद गांव का विकास होगा अब



राजस्थान के उदयपुर जयसमंद (गांव जावद के सरपंच देवी लाल जी बने आपने गाव के विकास करने कि सपद ली है

— Shankar Singh Rajput

झपटमारी कर लूटा गया सोने का मंगलसूत्र बरामद, दोनों आरोपी भरतपुर जिले के निवासी



बसवा थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: झपटमारी कर महिलाओं के गले से सोने का मंगलसूत्र तोड़ने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

झपटमारी कर लूटा गया सोने का मंगलसूत्र बरामद, दोनों आरोपी भरतपुर जिले के निवासी

दौसा। जिले के बसवा थाना पुलिस ने झपटमारी की वारदात का खुलासा करते हुए महिलाओं के गले से सोने का मंगलसूत्र तोड़कर फरार होने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पीड़िता का झपटमारी कर छीना गया सोने का मंगलसूत्र भी बरामद कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक दौसा कुंदन कंवरिया आईपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौसा शंकरलाल मीना आरपीएस एवं वृत्ताधिकारी बांदीकुई लक्ष्मीकांत शर्मा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी नरेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए 17 नवंबर 2026 को आरोपी महेश उर्फ फुद्दू एवं आकाश हरिजन को गिरफ्तार कर वारदात

पुलिस के अनुसार 5 मई 2026 को परिवादिया श्रीमती राधा देवी पत्नी सुशील गुर्जर निवासी पंचमुखी, थाना बसवा, जिला दौसा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसी दिन शाम करीब 4:10 बजे मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने का मंगलसूत्र तोड़ लिया और मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने परिवादिया की रिपोर्ट पर मुकदमा नंबर 116/26 धारा 304(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

अनुसंधान के दौरान साइबर सेल की सहायता एवं प्राप्त आसूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश की। इसके बाद आरोपी महेश उर्फ फुद्दू एवं आकाश हरिजन को उपकारागृह बांदीकुई से प्रोडक्शन वारंट के जरिए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पीड़िता का झपटमारी कर छीना गया सोने का मंगलसूत्र बरामद कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी

1. महेश उर्फ फुद्दू पुत्र हरिसिंह, जाति हरिजन, उम्र 40 वर्ष, निवासी पाहुवा, थाना कुम्हेर, जिला डीग।

2. आकाश हरिजन पुत्र मंगल सिंह, जाति हरिजन, उम्र 28 वर्ष, निवासी धानोता चिटोखरी, थाना सेवर, जिला भरतपुर।

बरामदगी:

झपटमारी कर छीना गया सोने का मंगलसूत्र।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम

1. नरेश शर्मा, उपनिरीक्षक एवं थानाधिकारी, पुलिस थाना बसवा।

2. चंदन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक, पुलिस थाना बसवा।

3. फतेह सिंह, कांस्टेबल नंबर 1166।

4. महावीर, कांस्टेबल नंबर 1413।

मीडिया प्रकोष्ठ, दौसा पुलिस

— Suraj Poswal

वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार, अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार, अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

मण्डावरी थाना पुलिस की कार्रवाई: अवैध खनन रोकने गए वन विभाग के कर्मचारियों पर लाठी-सरियों से किया था हमला

दौसा। जिले के मण्डावरी थाना क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम करने गए वन विभाग के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर गंभीर मारपीट करने के मामले में मण्डावरी थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध खनन में प्रयुक्त बजरी से भरे महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त किया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

आईपीएस के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लालसोट विनोद कुमार सीपा आरपीएस एवं वृत्ताधिकारी लालसोट सत्यनारायण यादव आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में मण्डावरी थानाधिकारी जगदीश प्रसाद उपनिरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

यह है पूरा मामला

पुलिस के अनुसार 16 नवंबर 2026 को परिवादी उमेद सिंह, हाल नाका प्रभारी वन विभाग, राहुवास जिला दौसा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि अवैध खनन की रोकथाम के उद्देश्य से सरकारी कैंपर वाहन RJ14GQ9764 से वन विभाग के कर्मचारी रेंज स्टाफ मोहनलाल रैगर, वनरक्षक हरेती बैरवा एवं वनमित्र (अस्थायी चौकीदार) रमेश चंद गुर्जर मण्डावरी की तरफ जा रहे थे।

इस दौरान ग्राम खानपुर में गश्त करते हुए खेडला खुर्द से खानपुर की तरफ पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली बजरी से भरे हुए आते दिखाई दिए। वन विभाग की टीम ने स्टाफ की मदद से उन्हें रोककर पूछताछ की तथा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरे पत्थरों की रवानगी/टीपी मांगी, लेकिन चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर राजस्थान वन अधिनियम 1953 की धारा 52 के तहत कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टरों को सीज करने की कार्रवाई शुरू की गई।

इसी दौरान 3-4 अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचे। उनके पहुंचते ही कैलाश उर्फ भंडारी मीना पुत्र कल्याण मीना एवं उसका भाई गजबजी मीना पुत्र कल्याण मीना ने ट्रैक्टर में पहले से रखी लोहे की सब्बल निकालकर वन विभाग के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला कर दिया। अन्य लोगों ने भी मारपीट शुरू कर दी।

हमले में परिवादी उमेद सिंह एवं वनरक्षक मोहनलाल रैगर गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के दौरान मोहनलाल रैगर का सिर फोड़ दिया गया, जिससे उनके सिर में 15 टांके आए। वहीं अन्य कर्मचारियों के हाथ, पैर एवं कमर में चोटें आईं।

आरोप है कि कैलाश उर्फ भंडारी मीना ने अपने ट्रैक्टर को स्टार्ट कर तेज गति से आगे बढ़ाते हुए वन विभाग के कर्मचारियों को जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया और मौके से फरार हो गया। उसके पीछे अन्य चार ट्रैक्टर चालक भी अपने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित मौके से भाग निकले।

पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर मुकदमा नंबर 181/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धाराओं 121(1), 121(2), 132, 109(1), 221 एवं 303(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

एक आरोपी गिरफ्तार, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

मामले में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की गई। पुलिस ने 17 नवंबर 2026 को आरोपी गजबजी मीना पुत्र कल्याण मीना उम्र 35 वर्ष निवासी डिबाचली खुर्द, थाना मण्डावरी, जिला दौसा को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अवैध खनन में प्रयुक्त महिंद्रा 275 डीआई ट्रैक्टर मय ट्रॉली को जब्त किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश एवं अनुसंधान जारी है।

गिरफ्तार आरोपी:

गजबजी मीना पुत्र कल्याण मीना, उम्र 35 वर्ष, निवासी डिबाचली खुर्द, थाना मण्डावरी, जिला दौसा।

जब्त वाहन:

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम:

1. जगदीश प्रसाद उपनिरीक्षक, थानाधिकारी मण्डावरी।

2. रघुवीर प्रसाद एएसआई।

3. मदनलाल हेड कांस्टेबल नंबर 2079।

4. आशीष कुमार हेड कांस्टेबल नंबर 2072।

5. संजय कुमार कांस्टेबल नंबर 307।

6. विनोद कुमार कांस्टेबल नंबर 781।

7. हेमराज कांस्टेबल नंबर 791।

8. उमेद कांस्टेबल नंबर 715।

9. राकेश कुमार कांस्टेबल नंबर 1234।

10. पप्पूराम कांस्टेबल नंबर 1033।

— Suraj Poswal

धर्म

हनोमानगढ़ के श्री गोविंद धाम गौशाला में धूमधाम से मनाया गया गोपाष्टमी महोत्सव



हनोमानगढ़, अबोहर बाईपास रोड पर स्थित श्री गोविंद धाम गौशाला में गोपाष्टमी पर्व बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने गौ माता की विधिवत पूजा-अर्चना की और उन्हें मिठाई अर्पित की।

पंडित राजेन्द्र शास्त्री ने पूजा का संचालन किया। पूजा के बाद कलेक्टर ने गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को गौ संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

श्री देवी महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्राओं ने रंगोलियों से गौशाला परिसर को सुसज्जित किया, जिससे दृश्यात्मक आकर्षण बढ़ा। साथ ही गौ भक्तों ने दीपमाला स्थापित की, जिससे परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा।

कार्यक्रम के समापन में गौशाला समिति ने जिला कलेक्टर को गौ माता की प्रतिमा भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। इस समारोह में समिति अध्यक्ष इन्द्र हिसारिया, जयकिशन चावला, वीरेन्द्र गोयल, बीरबल जिंदल, शिवभगवान ढूढाणी, विजय कौशिक, मुकेश महर्षि, रामकुमार गोदारा, मनीष बतरा, आनंद जैन, सुल्तान साहू सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित रहे।

— Buddhi Prakash Mali

धर्म

राजसमंद के कांकरोली में गोपाष्टमी पर सांड-पाड़ों की भिड़ंत



राजसमंद जिले के कांकरोली में कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष अष्टमी तिथि को मनाए जाने वाले गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर श्री द्वारकाधीश की गौशाला में सांड-पाड़ों की भिड़ंत आयोजित की गई।

पहली बार गायों को चराना आरम्भ किया था, इसलिए गौमाता की पूजा तथा दालिया-लापसी का प्रसाद अनिवार्य माना जाता है। शाम को ग्वालबालों ने गौशाला में प्रथम गोक्रिड़ा कर गौमाता को विशेष रूप से रिझाया।

वर्षों पुरानी परम्परा के तहत सांडों और पाड़ों की सांकेतिक भिड़ंत की गई, जिसमें स्थानीय एवं बाहरी दर्शकों की हजारों संख्या ने भाग लेकर इस अनूठी परम्परा का आनंद उठाया।

इस आयोजन से गाँव में धार्मिक भावना और सामाजिक एकता का संचार हुआ, तथा गोपाष्टमी की पावन भावना को सुदृढ़ किया गया।

— Buddhi Prakash Mali

स्थानीय

करौली में पंचायत चुनाव की तिथियों में बदलाव: 17 दिसंबर को मतगणना, 22 दिसंबर को जिला प्रमुख चुनाव



राजस्थान निर्वाचन आयोग ने करौली, कोटा, बारां और श्रीगंगानगर जिलों में पंचायत चुनाव 2026 की तिथियों में आंशिक संशोधन किया है। 17 दिसंबर 2026 को जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना प्रातः 8:00 बजे से जिला मुख्यालय पर समाप्ति तक आयोजित की जाएगी।

उसी क्रम में जिला प्रमुख पद के लिए चुनाव 22 दिसंबर 2026 को, उप जिला प्रमुख पद के लिए 23 दिसंबर 2026 को, पंचायत समिति के प्रधान पद के लिए 24 दिसंबर 2026 को तथा उप प्रधान पद के लिए 25 दिसंबर 2026 को तय किया गया है।

अध्यक्षीय एवं उपाध्यक्षीय पदों के निर्वाचन के लिये बैठक पूर्वाह्न 10:00 बजे से शुरू होगी, नाम निर्देशन पत्र 11:00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकेंगे, संवीक्षा 11:30 बजे से शुरू होगी और अभ्यर्थिता वापसी 13:00 बजे तक ली जा सकेगी। मतदान 15:00 से 17:00 बजे के बीच किया जाएगा, तथा मतगणना के पश्चात् परिणाम घोषित किया जाएगा।

दिसंबर में निर्धारित कार्यक्रम के पालन हेतु करौली के जिला निर्वाचन अधिकारी को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

— Buddhi Prakash Mali

दवाडा में 33 kV बार-बार कटौती, किसानों को गंभीर परेशानी



दवाडा में 33 kV की बार-बार विद्युत कटौती होने से स्थानीय किसानों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह कटौती कृषि कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रही है और फसलों की सिंचाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

किसान बताते हैं कि लगातार बिजली बंद होने के कारण पम्प चलाना असंभव हो गया है, जिससे खेतों में पानी की आपूर्ति रुक गई है और फसलें नुकसान के कगार पर पहुँच गई हैं। कई किसानों ने बताया कि इस समस्या के कारण आर्थिक नुकसान बढ़ रहा है और वे अपनी आजीविका के लिए चिंतित हैं।


इन कठिनाइयों को देखते हुए किसान प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार को लिखित निवेदन किया है और मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा से तत्काल उपाय करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि बिजली की स्थिर आपूर्ति नहीं हुई तो कृषि उत्पादन में गिरावट आएगी और ग्रामीण आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती है।

सरकार ने इस निवेदन को स्वीकार किया है और बताया कि संबंधित विभाग को समस्या की जड़ तक पहुँचने और स्थायी समाधान प्रदान करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। किसानों को आश्वासन दिया गया है कि जल्द से जल्द 33 kV लाइन की मरम्मत और अतिरिक्त सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी।

— Swaroop Singh

कृषि

लाठी कस्बे में गायों की बिगड़ी स्थिति, जनप्रतिनिधियों ने नहीं दिया कोई जवाब



लाठी कस्बे में गायों की स्थिति बिगड़ती जा रही है, यह बात स्थानीय लोगों ने स्पष्ट रूप से बताई है। कई पशुपालकों ने बताया कि उनके पशु अब उचित देखभाल नहीं पा रहे हैं और उनकी स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक है।

इन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सहायता की मांग की, परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रतिनिधियों से संपर्क करने पर भी उन्होंने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की।

स्थानीय समुदाय ने इस चुप्पी को निंदनीय कहा है और तुरंत कार्रवाई की अपील की है, ताकि गायों की जीवन स्थितियों में सुधार हो सके और पशुपालन को स्थिरता मिल सके।

— Swaroop Singh